**खबर संक्षेप**

## सिमरप्रीत ने दसवीं में 91.3 प्रतिशत अंक प्राप्त कर किया नाम रोशन



**दमुआ।** छात्रा सिमरप्रीत जिया राजपाल में संत चावरा स्कूल चंदामेटा में पढ़कर सीबीएसई में कक्षा 10वी में 91.3% अंक प्राप्त कर मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज किया है और दमुआ एवं अपने परिवार का नाम रोशन किया है। ज्ञात हो कि व्यापारी मंडल दमुआ के अध्यक्ष श्री नरेंद्र राजपाल जी के बेटे प्रिंस राजपाल की सुपुत्री सिमरप्रीत जिया राजपाल श्री नरेंद्र राजपाल जी नातिन है।इस वर्ष परीक्षा में पास होने की सफलता पर छात्रा को सभी ने शुभकामनाएं देते हुए उज्वल भविष्य की कामनाएं की हैं।

### ग्रामीण भुगत रहे खामियाजा. सड़क के लिए परेशान हेटी के ग्रामीण

# सड़क तो बनी नहीं और बढ़ गई मुसीबतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा/परासिया।



ग्राम पंचायत उमरेठ के वार्ड 1 ( हेटी ) के ग्रामीण कई वर्षों से सड़क के लिए परेशान हैं । पंचायत ने दिखावे के लिए बोल्डर डाल दिए , मिट्टी भी डलवाई , लेकिन इस से सड़क तो नहीं बनी , अलबत्ता ग्रामीणों की परेशानी और बढ़ गई ।उप तहसील और ग्राम पंचायत उमरेठ का वार्ड 1 जो हेटी के नाम से जाना जाता है ।

यहां एक टोला है , जिसमें लगभग 50 मकान हैं और 250 के करीब लोग निवास करते हैं । उमरेठ मुख्य मार्ग से टोले तक जाने के लिए करीब 100 मीटर कांक्रीट रोड है और करीब 400 मीटर कच्चा मार्ग है । इस कच्चे मार्ग से टोले के लोगों को आवाजाही में खासी परेशानी होती है । बारिश के दिनों में समस्या और बढ़ जाती है । स्कूल के बच्चों को कीचड़ से आना जाना होता है । अपने टोले तक सड़क बनवाने के लिए ग्रामीण नेता , जन प्रतिनिधी , कलेक्टर , जिला पंचायत सी ई ओ , जनपद सी ई ओ सभी से गुहार लगा चुके हैं । ग्रामीण प्रकाश यादव , रामदास यादव , ओंकार साहू , महिमा साहू , सोनम साहू , सीमा यादव , राजकुमारी यादव , सावित्री साहू और नौखी यादव ने बताया , कि वे लगभग एक माह पूर्व इस समस्या को लेकर कलेक्टर से मिले थे , परासिया जनपद भी ग ए थे , जिसके बाद पंचायत ने हमारे ही खेतों से बोल्डर और मिट्टी निकालकर सड़क पर डाले , जिसके लिए ट्रेक्टर वालों को डीजल आदि का पैसा 4 हजार रूपये चंदा करके दिया गया ।

बोल्डर डालकर सड़क पर मिट्टी के ढेर लगा दिए गए । मिट्टी को फैलाया नहीं गया । सचिव और सरपंच से कहा गया तो उन्होंने कहा , कि वे खुद मिट्टी फैला लें । मिट्टी के ढेर के चलते मार्ग बंद हो गया है । एक ग्रामीण ने बताया , कि उनके घर में मौजूद एक बुजुर्ग बीमार है , अचानक उन्हें अस्पताल ले जाने की नौबत आई तो कहां से लेकर जाएंगे । बोल्डर और मिट्टी के ढेर के चलते दुपहिया और चौपहिया वाहन टोले तक नहीं आ सकते ।

सरपंच , सचिव सीधे मुंह बात नहीं कर रहे हैं । खेत मालिकों की सहमति की बात करते हैं , जबकि सभी खेत मालिकों की लिखित सहमति भी पंचायत सहित अन्य जिम्मेदार अधिकारियों को दिखाई जा चुकी है ।

### प्रबंधन नहीं ले रहा कोई सुध

## छिंदा ओसीएम में मंडरा रहा बेंच स्लाईड का खतरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

पेंच कोयला क्षेत्र में एक ओर जहां उरधन में कोयले के रूप में करोड़ों की सम्पत्ति जल कर राख हो रही है , वहीं अब छिंदा ओसीएम में बेंच स्लाईड का खतरा मंडरा रहा है । छिंदा कोयला खदान प्रबंधन इस मामले में कोई सुध नहीं ले रहा है , जिससे किसी अनहोनी की आशंका को नकारा नहीं जा सकता है ।पेंच कोयला क्षेत्र की छिंदा ओपन कास्ट कोयला खदान में कोयला निकालने के लिए बनाए गए बेंच में दरारे आ गई है । जिससे इस क्षेत्र में बेंच स्लाईड का खतरा बढ़ गया है । यह दरारे ओल्ड डम्प एरिया में भी आ रही है । बावजूद इसके प्रबंधन इसी क्षेत्र में कामगारों से काम कराने पर अमादा है , जो कि सुरक्षा को लेकर बड़ी लापरवाही मानी जा रही है । केवल उत्पादन में अपना नंबर बढ़ाने के चक्कर में जिस तरह उरधन में डिस्पेच्ड और कोयला भंडारण की समुचित व्यवस्था न करते हुए प्रबंधन ने केवल उत्पादन पर ध्यान दिया , नतीजतन करोड़ों का कोयला जलकर राख हो रहा है , उसी तरह छिंदा में भी प्रबंधन सुरक्षा को ताक में रखकर कामगरों से उस जगह काम करवा रहा है , जहां जान का खतरा बना हुआ है ।

## ब्रम्ह समाज के 15 दिवसीय तैराकी प्रशिक्षण का हुआ समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

ब्रम्ह समाज कल्याण मंडल छिंदवाड़ा एवं अध्यक्ष विजय पांडे के मार्गदर्शन ब्रम्ह समाज युवा प्रकोष्ठ द्वारा विगत माह से चिरंजीवी भगवान श्री परशुराम के प्राकट्य पर्व को मनाया जा रहा है। ब्रम्ह समाज द्वारा जन्मोत्सव का प्रारंभ ब्राह्मण प्रीमियर लीग से करते हुए वाहन रैली, मुख्य समारोह, विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं एवं वैदिक पाठशाला का आयोजन इस दौरान किया गया। ब्रम्ह समाज कल्याण युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष रोहित बंटी द्विवेदी ने बताया कि आयोजनों के क्रम में युवा प्रकोष्ठ द्वारा 15 दिवसीय निःशुल्क तैराकी प्रशिक्षण का आयोजन श्रीजी रिसॉर्ट में किया गया। जिसका समापन समारोह शनिवार को आयोजित हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ भगवान श्री परशुराम के पूजन एवं माल्यार्पण से हुआ। इसके उपरांत इस समापन समारोह में विशेष सहयोग के लिए श्री रामेश्वर चौरसिया, तैराकी प्रशिक्षक श्री विजेंद्र शुक्ला एवं अथर्व द्विवेदी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## सेना शौर्य तिरंगा यात्रा में महिलाओं ने भी लिया बढ़ चढ़कर हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा



भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में आज शाम 5 बजे स्थानीय एमपीएल मैदान से निकली तिरंगा यात्रा को जिले की जनता ने खूब प्रतिसाद दिया। तिरंगा यात्रा में महिलाओं ने भी सक्रियता से हिस्सा लिया। इस तिरंगा यात्रा में सौंसर और पांढुर्ना क्षेत्र के निवासी बहुतायत में मौजूद रहे। इसके सिवाय भाजपा के जनप्रतिनिधियों ने भी बढचढ कर इस तिरंगा यात्रा में हिस्सा लिया। तिरंगा यात्रा एमपीएल मैदान से निकली और पंचशील चौक, छत्रपति शिवाजी चौक, तीन शेर चौक, जयस्तंभ, श्रीराम मार्केट, गुजरी बाजार और पंढरी वार्ड से गुजरते हुई एमपीएल मैदान में लौटी । यहां रिटायर्ड फौजियों ने तिरंगा यात्रा को संबोधित करते हुए हाल ही में हुई भारत पाकिस्तान की लडाई में भारतीय सेना ने पाकिस्तार को कैसे नाकों चने चबवाए इसकी जानकारी दी। आज की तिरंगा यात्रा में भाजपा के अनेक पदाधिकारी, रिटायर्ड सैनिक, आम नागरिक बडी संख्या में उपस्थित रहे।

### बैकों को आबंटित किये गये लक्ष्य

**छिन्दवाड़ा।** म.प्र.शासन जनजातीय कार्य विभाग द्वारा अनुसूचित जनजाति वर्ग के बेरोजगार युवक/युवतियों को स्वयं रोजगार उपलब्ध कराने दो अभिनव योजनाएँ क्रमशः भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना एवं टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना के लक्ष्य जिलों को आवंटित किये गये है। इसके अंतर्गत छिंदवाड़ा जिले में भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना के लिये 80 हितग्राहियों व टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना के लिये 302 हितग्राहियों का लक्ष्य बैंकों को आवंटित किया गया है।

### शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर हुआ कार्यशाला

**छिंदवाड़ा।** विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के उपलक्ष्य में जन जागरूकता के लिये मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एन.के.शास्त्री एवं डीएचओ डॉ.धीरज दावड़े की उपस्थिति में आज कार्यशाला एवं शिविर का आयोजन शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.शास्त्री द्वारा उपस्थित मरीज एवं हितग्राहियों को नियमित जांच कराने तथा चिन्हित मरीजों को नियमित उपचार लेने तथा व्यायाम करने तथा नमक, तेल आदि का सेवन कम करने की भी सलाह दी गई तथा सभी हेल्थ वर्कर्स की लाइन लिस्ट बनाकर उनकी बीपी एवं शुगर की जांच करने एवं समय पर पोर्टल एंट्री करने के लिए भी निर्देशित किया गया।

## बरारिया में आकाशीय बिजली से बैल की मौत



**परासिया :-** बेमौसम बारिश ने जनधन हानि की संभावना बढ़ गई है । शनिवार को शाम 5:00 बजे बरारिया निवासी सूरज दयाल मर्सकोले के एक बैल की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई । किसान सूरज दयाल सुबह बैल को चराने खेत पहुंचा था, बारिश और बिजली की गड़गड़ाहट के कारण बैल को खेत में बांधकर घर आ गया । शाम को बिजली गिरने से बैल की मौत हो गई है । किसान ने इसकी रिपोर्ट पुलिस चौकी न्यूटन में दर्ज कराई है ।

### आपत्तिजनक टिप्पणी करने को लेकर मंत्रियों का फूंका पुतला



**परासिया :-** शनिवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी उमरेठ द्वारा मध्य प्रदेश शासन के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा एवं मंत्री विजय शाह द्वारा भारतीय सेना का अपमान करने के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय से रैली निकाल कर बस स्टैंड तिराहा पर दोनों भाजपा नेताओं का पुतला दहन किया गया ।इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मानक बेलवंशी , महिला ब्लॉक अध्यक्ष राधा साहू , ब्लॉक समन्वयक प्रदीप राय , कार्यकारी अध्यक्ष मोहन माहोरे , क्षेत्रीय अध्यक्ष किशोर उइके , जयपाल धुर्वे , चेतु बेलवंशी , सुरेंद्र नागवंशी , माखन धुर्वे , रोशन धुर्वे , सुनील पटेल , टिंकू साहू , गोविंद प्रजापति , आसिफ अली , आरिफ कादरी , सरफराज शेख , प्रदीप साहू , सुखदयाल भात्रवंशी , कृष्णकांत पाल , दिलीप बट्टी , शिव नागवंशी , परशु साहू , मुंशीलाल , शीलू , कमलनाथ साहू मौजूद रहे ।

## कॉँग्रेस ने उपमुख्यमंत्री देवड़ा का पुतला दहन कर की नारेबाजी

**तामिया, पांढुर्णा, परासिया, जुन्नारदेव, सिंगोड़ी सहित विकासखंड में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन, जताया आक्रोश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया



मध्यप्रदेश सरकार के उपमुख्यंत्री जगदीश देवड़ा के द्वारा भारतीय सेना के खिलाफ दिए गए विवादित बयान के बाद कॉँग्रेस पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के द्वारा शनिवार को पूरे प्रदेश के ब्लॉक मुख्यालयों पर जगदीश देवड़ा के पुतले दहन कर विरोध प्रदर्शन के निर्देश संगठन को जारी किए गए थे। इसी कड़ी में ब्लॉक कॉँग्रेस कमेटी एवं कॉँग्रेस के अनुसांगिक संगठनों के द्वारा तामिया में शाम 4 बजे उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन माता मन्दिर के पास किया गया एवं भारतीय सेना के समर्थन में जोरदार नारेबाजी की गई।पुतला दहन के पश्चात अपने वक्तव्य में ब्लॉक कॉँग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर ने कहा कि पहले तो प्रदेश के मंत्री विजय शाह ने कर्नल सोफिया को आतंकवादियों की बहन कहकर उनका एवं भारतीय सेना का अपमान किया और अब उनसे एक कदम और जाकर मध्यप्रदेश के उपमुख्यंत्री जगदीश देवड़ा ने अत्यंत ही निदनीय बयान दिया है, उन्होंने अपने बयान में कहा है कि पूरा देश, देश की सेना और सैनिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चरणों मे नतमस्तक है भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के द्वारा लगातार भारतीय सेना के विरुद्ध घ्रणित और अपमानजनक बयान दिए जा रहे है किंतु इस विषय पर भाजपा के नेतृत्व ने चुप्पी साध रखी है जिससे भाजपाईयों के इन बदजुबानी नेताओँ के होंसले और बुलंद हो रहे है। काँग्रेस पार्टी भारतीय सेवा का अपमान कतई बर्दाश्त नही करेगी। हम मध्यप्रदेश मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से माँग करते है कि मध्यप्रदेश के इन दोनों बदजुबान मंत्रियों को तत्काल मंत्रिमंडल से बर्ख़ास्त कर इन्हें पार्टी से निष्कासित करें कार्यक्रम में उपस्थित ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजेन्द्र ठाकुर नवीन मरकाम जिला पंचायत सदस्य मनमोहन साहू इंद्रकुमार बत्रा आदि मौजूद रहे।



### कांग्रेस ने जलाया शाह और देवडा का पुतला

**पांढुर्णा।** कांग्रेस ने आज शाम तिरंगा यात्रा समापन स्थल पर पहुचने के 5 मिनट बाजू में मेन रोड पर भाजपा के मंत्री विजय शाह और उपमुख्यमंत्री जगदीश देवडा का का पुतला दहन किया। ज्ञात हो कि म.प्र के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवडा के विवादित बयान पूरा देश और सैनिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चरणों में नतमस्तक है और विजय शाह के भारतीय सेना की वरिष्ठ अधिकारी कर्नल सोफियार पर दिए गए विवादास्पद बयान का विरोध करते हुए दोनों जनप्रतिनिधियों का पुतला दहन किया। कांग्रेस ने इन दोनों जनप्रतिनिधियों की हरकतों की निंदा की है और इनके खिलाफ कानूनी कारवाई कर इन्हें पद से बर्खास्त करने की मांग की है। इस अवसर पर विधायक निलेश उईके, जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश झलके, ब्लॉक अध्यक्ष विश्वास कांबे, नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जयंत घोडे, सुनील बुधराजा, नपा उपाध्यक्ष ताहीर पटेल, मनोहर सिंह ठाकुर के सिवाय अनेक वरिष्ठ एवं कनिष्ठ कांग्रेसजन मौजूद रहे।

## कछुआ गति से चल रहा रेलवे का निर्माण कार्य

**ठेकेदार की लापरवाही हो रही उजागर, पार्किंग ठेकेदार को भी हो रही समस्याएं**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

जुन्नारदेव रेल्वे स्टेशन को बीते वर्ष आदर्श रेलवे स्टेशन बनाए जाने हेतु भारत सरकार द्वारा लगभग चार करोड रुपए की राशि स्वीकृत की गई थी जिसके बाद ठेका पद्धति पर ठेकेदार द्वारा इसका टेंडर भर गया था। टेंडर प्राप्ति उपरांत ठेकेदार द्वारा लगातार लापरवाही बरतने के चलते रेलवे यात्रियों को लगातार सुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है, इसका मुख्य कारण ठेकेदार द्वारा जगह-जगह गड्ढे खोदकर छोड़ दिए जाना मुख्य मार्ग पर आवागमन में समस्याएं सहित अन्य समस्याओं का सामना आमजन को करना पड़ा रहा है इस और ना तो रेलवे प्रशासन ध्यान दे रहा है और ना ही स्थानीय प्रशासन ऐसे में आम जन निर्माण कार्य को लेकर खासे परेशान है।

### रेलवे पार्किंग ठेकेदार को आ रही समस्याएं

रेलवे पार्किंग का ठेका स्थानीय ठेकेदार द्वारा विधिवत दिया गया था जिसकी राशि भी समय-समय पर ठेकेदार द्वारा रेलवे को दी जाती है इसके बाद रेलवे द्वारा वर्तमान में पार्किंग ठेकेदार को किसी भी प्रकार की सुविधा प्रदान नहीं की जा रही हैं पार्किंग ठेकेदार को ना तो रेलवे स्टाफ का कोई सपोर्ट प्राप्त होता है और ना ही रेलवे प्रशासन का ऐसे में पार्किंग ठेकेदार भी भारी समस्याओं से गुजर रहे हैं उनका कहना है कि ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य के दौरान पार्किंग की सुविधा प्रदान की जानी थी किंतु वर्तमान में जो सुविधा मिल रही थी उसे भी खत्म कर दिया गया है।

### रोजगार, स्वरोजगार अप्रेंटिसशिप (युवा संगम) मेला 20 को

**मण्डला।** नगरपालिका टाउनहाल मंडला में 20 मई को प्रातः 11 बजे से रोजगार, स्वरोजगार अप्रेंटिसशिप मेला युवा संगम मेला का आयोजन जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, आईटीआई एवं जिला रोजगार कार्यालय मंडला द्वारा किया जायेगा। मेले में देश की प्रतिष्ठित कम्पनियों एमआरएफ, धूत, अपोलो टायर, डिक्सान, फ्लिपकार्ट आदि कंपनियों के लिए आमधन-ई द्वारा प्लेसमेंट दिया जायेगा। स्थानीय कम्पनियों द्वारा जिले के बेरोजगार युवक-युवतिओं को रोजगार के अवसर दिये जायेंगे। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा स्वरोजगार के अवसर भी दिये जायेंगे। इस मेले में 10वी, 12वी, आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक उत्तीर्ण सभी जिनकी उम्र 18 से 28 अभ्यर्थी सम्मिलित हो सकते हैं। इक्छुक अभ्यर्थी उक्त दिनांक को शैक्षणिक बायोडाटा एवं मूल दस्तावेज के साथ उपस्थित होवें। अधिक जानकारी के लिए शासकीय आईटीआई मंडला में संपर्क करें।

### परासिया थाना क्षेत्र का मामला, आरोपियों से बरामद की नगद राशि

## नगदी चोरी कर फरार महिलाओं को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा



रावनवाड़ा पुलिस ने नगदी चोरी करने वाली फरार महिलाओं को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना परासिया क्षेत्रांतर्गत निवासी वार्ड नंबर 10 गुरुद्वारा के पीछे संतवन्त कौर, अपनी बेटी राजवीर कौर के साथ सेंट्रल बैंक, परासिया से अपनी व्यक्तिगत एफ.डी. तुड़वाकर कुल 1,04,000/- (एक लाख चार हजार रुपये) की राशि निकालकर अपने घर लौट रहे थे। रास्ते में उन्होंने कैपिटल जनरल स्टोर परासिया पर सामान खरीदने हेतु थोड़ी देर रुकाव किया। इसी दौरान दो अज्ञात महिलाएँ उनके पास पहुंचीं और उनको समान लेने की दशा में व्यस्त देखकर इसका लाभ उठाकर उनके पर्स से संपूर्ण नकद राशि चोरी कर मौके से फरार हो गईं।घटना की रिपोर्ट थाना परासिया में दर्ज की गई तथा मामले में अप. क्र. 132/2025, धारा 303(2),3(5) BNS के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान, सीसीटीवी फुटेज, स्थानीय सूचना संकलन एवं पुलिस की सतत मेहनत से दोनों आरोपिया महिलाओ निवासी कड़िया सासी थाना बौड़ा (राजस्थान) की पहचान कर उन्हें गिरफ़्तार किया गया। गिरफ्तार महिलाओं नगद 30,000 रुपए व चोरी में मदद करने वाले साथी आरोपी पुरुष जो थाना दमुआ के अन्य अपराध का आरोपी है जिससे 41,000 रुपए के कब्जे से कुल 71000 (इकहत्तर हजार रुपए) की नकद राशि बरामद की गई है। थाना परासिया पुलिस की सतर्कता एवं त्वरित कार्रवाई से उक्त प्रकरण का शीघ्र निराकरण हुआ है।

### नाबालिक को दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा

पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता के निर्देशन तथा अनुविभागीय अधिकारी परासिया जितेन्द्र जाट के नेतृत्व में थाना रावनवाडा के अप. क्र. 117/2025 धारा 137(2) BNS की नाबालिक अपहृता घटना दिनांक 03/05/2025 को बिना बताये चली गयी थी जिसकी रिपोर्ट दिनांक 05/05/2025 को परिजनों के द्वारा थाना में लिखाने पर उक्त अपराध पंजीबध्द कर विवेचना के दौरान 12 दिन के अंदर दस्तयाब कर अपहृता बालिका को उसके माता पिता के सुपुर्द किया गया। पुलिस टीम पुलिस टीम थाना प्रभारी निरीक्षक ईश्वरी पटले, सउनि. रमाशंकर मिश्रा, प्र.आर. नितिन मालवीय, आर. भीम सिंह परते थाना रावनवाडा, आदित्य रघुवंशी, नितिन सिंह सायबर सेल छिंदवाडा के द्वारा अपहृता की दस्तयाबी में विशेष योगदान रहा।

### मंत्रिमंडल से मंत्रियों को भाजपा सरकार करें बर्खास्त: विधायक चौरे

# कांग्रेस ने उपमुख्यमंत्री देवड़ा, विजय शाह का जलाया पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

शनिवार को नगर में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के बैनर तले कांग्रेस कार्यकर्ता ने बेरडी रोड स्थित कांग्रेस कार्यालय से रैली निकालकर भारतीय सेना,कर्नल सोफिया कुरैशी का अपमान करने वाले उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा,मंत्री विजय शाह का बस स्टैंड पर भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया, इस दौरान बस स्टैंड पर कांग्रेस नेता भागवतराव महाजन, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ राजेंद्र यमदे, पूर्व कृषि उपज मंडी अध्यक्ष युवराज चीचकार ने भाजपा सरकार और मंत्रियों के द्वारा दिए जा रहे आपत्तिजनक बयान की कड़ी निंदा करते हुए मंत्रियों से तत्काल इस्तीफा देने की मांग है।विधायक विजय चौरे ने कहा की कर्नल सोफिया कुरैशी ने पाकिस्तान पर हल्ला बोलने का काम किया है, लेकिन उसके बावजूद भी मध्य शासन के जिम्मेदार मंत्री विजय शाह ने इतनी गंदी टिप्पणी कर्नल सोफिया कुरैशी पर की है, जिससे संपूर्ण भारतीय सेना के साथ-साथ महिलाओं का अपमान हुआ है, भाजपा नेता और मध्य प्रदेश शासन के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा कहते हैं कि प्रधानमंत्री को धन्यवाद देना चाहेंगे पूरा देश,देश की वो सेना वो सैनिक उनके चरणों में नतमस्तक है।यह कहकर आप सेना का



मनोबल नीचे गिरा रहे है। प्रदेश की सरकार और देश की भाजपा सरकार ने महिलाओं का अपमान किया है, ओर जनता को बेवकूफ बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी के नेता तिरंगा यात्रा निकाल रहे है। भाजपा नेता विजय शाह ,जगदीश देवड़ा को तत्काल मंत्रिमंडल से बर्खास्त करना चाहिए,तब जाकर हम मानेंगे कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार अपनी कसौटी पर ईमानदार हैं। कांग्रेस भारतीय सेना एवं महिलाओं का अपमान करने वालों को कभी माफ नहीं करेगी ऐसे लोगों के खिलाफ जगह-जगह पर विरोध प्रदर्शन और पुतला दहन किया जाएगा।

#### पुतला दहन कार्यक्रम में यह रहे प्रमुखता से उपस्थित

कांग्रेस संगठन की ओर से भाजपा नेताओं के इस्तीफा की मांग को लेकर निकाली गई रैली का समापन बस स्टैंड पर हुआ जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा दोनों भाजपा नेताओं का पुतला दहन किया गया, इस दौरान पुतला दहन कार्यक्रम एवं रैली में कांग्रेस नेता पुनाराम बविस्टाले, विलास जोगी,सुनील भागने ,चन्द्रशेखर गुर्वे,राजू चौधरी,एल पी वाठ,दिलीप गुर्वे,गणेश चौधरी, पीपला नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कैलाश चौधरी डॉ राजेश सोमकुवर, जिला वस्त्र एंप्लॉईन यूनियन रेमंड,प्रकाश बोराटे,प्रदीप इंगोले,मारोती कारोकार, जिला युवक कांग्रेस युवक काँग्रेस प्रभारी डॉ शिव सलोटकर, नानेश्वर गावड़े,रत्नाकर गायकवाड ,डॉ.रमेश हाते,दिनेश भोयर, जिला एएसयूआई अध्यक्ष जिमी टाकभवरे,पकंज बंसोड,जुबेर अली आदि थे।

## युकां प्रदेश महासचिव के लिए सोपान कोहले ने भरा नामांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

मध्यप्रदेश मे प्रदेश से लेकर ब्लाक तक युवा कांग्रेस के चुनाव होने जा रहे हैं,20 मई के बाद सदस्यता अभियान शुरू होंने वाला है,मिली जानकारी के अनुसार 18 से 35 वर्ष आयु के युवक्र युवतियोआयवायसी एप के माध्यम से सदस्य बनकर मतदान कर सकेगी, लंबे समय से सौसर क्षेत्र के युवाओं एवं कांग्रेस नेताओं के द्वारा कांग्रेस संगठन में युवा नेता सोपान कोहले को कांग्रेस संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपने की मांग भी आलाकमान से की जा रही थी,सौसर क्षेत्र के युवा नेता सोपान कोहले द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ,पूर्व सांसद नकुलनाथ के निर्देश पर मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस में प्रदेश महासचिव पद के लिए अपना नामांकन दाखिल किया गया है,सौसर मोहखेड़ क्षेत्र में कांग्रेस नेता सोपान कोहले की युवाओ में अच्छी पकड़ है,समय समय पर वह आंदोलनात्मक गतिविधियां



कर जनता की समस्याओ को मुखरता से शासन प्रशासन के समक्ष मजबुती से उठाते है, इसके पूर्व उन्होंने क्षेत्र में जनहित के मुद्दों पर अनेक धरना प्रदर्शन, किसान सत्याग्रह, पदयात्रा, चक्का जाम, किये है,साथ ही किसानों की समस्याओ को लेकर हुए आंदोलन में जैल भी जा चुके हैं।निश्चित ही ऐसे संघर्षशील युवा के मुख्यधारा में आने से क्षेत्र में कांग्रेस और मजबूत होंगी।क्षेत्र के युवा एवं कांग्रेस नेताओं के द्वारा भी निरंतर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से सोपान कोला को कांग्रेस संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपने की मांग की गई है।

## वॉलीबॉल प्रशिक्षण शिविर से गुलजार हुआ मैदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

जिले के कलेक्टर श्री शीलेंद्र सिंह के आदेशानुसार ,जिला खेल एंव युवक कल्याण अधिकारी एवं एडिशनल एसपी श्री आयुष गुप्ता के निर्देशन में , जनजातीय कार्य विभाग छिंदवाड़ा के सहायक आयुक्त श्री सत्येंद्र सिंह मरकाम के संयोजन में एवं एसडीएम जुन्नारदेव सुश्री कामिनी ठाकुर की अध्यक्षता में यह शिविर विगत 1 मई से प्रातः कालीन सत्र एवं संध्याकालीन सत्र में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नंदलाल सूद के वॉलीबॉल मैदान पर संचालित किया जा रहा है । इसमें 9 मैदाने पर 50 गेंद के साथ लगभग 280 बच्चे प्रतिदिन सुबह और शाम वॉलीबॉल विद्या का अभ्यास कर रहे है।जनजातीय कार्य विभाग, खे एवम यु क विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस शिविर को वेकोलि कन्हांन क्षेत्र , नपा जुन्नारदेव का सहयोग प्राप्त है । ग्रीष्मकालीन अवकाश में छात्र-छात्राओं को स्वस्थ मंच प्रदान करना एवं खिलाड़ियों में अनुशासन व सामूहिकता का बोध कराने के उद्देश्य से यह शिविर विगत 37 वर्षों से संचालित किया जा रहा है ।वॉलीबॉल विद्या में प्रातः कालीन सत्र की शुरुआत प्रार्थना से सुबह 5:55 पर की जाती है इसके पश्चात योग, ध्यान एवं चलो अच्छी बात करें , के अंतर्गत किसी विषय पर एक संदेश दिया जाता है इसके पश्चात वॉलीबॉल विद्या की अंडर आर्म , अपर आर्म एवं सर्विस स्किल का अभ्यास कराया जाता हैं। सबसे लंबी अवधि से लगने वाले इस शिविर में वॉलीबॉल विधा के अतिरिक्त डांस ,ड्राइंग, देशभक्ति गीत, तात्कालिक भाषण एवं स्वप्रेरित अभिरुचि परीक्षा जैसे अन्य विधाओं को भी जोड़कर छात्रों के सर्वांगीण विकास का पूरा ख्याल रखा जाता है।

## सिंगोड़ी में कांग्रेस ने जलाया उप मुख्यमंत्री देवड़ा का पुतला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी


ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिंगोड़ी द्वारा सिंगोड़ी बस स्टैंड मे मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा का पुतला जलाया गाया विगत दिनों श्री देवड़ा ने भारतीय सेना को लेकर जो विवादित बयान दिया है उसके विरोध मे शनिवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिंगोड़ी द्वारा पुतला जलाया गाया जिसमे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी गण एवं कार्यकर्ता गण, समस्त क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण सहित युवक कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस सेवादल के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ता मुख्य रूप से मौजूद रहे।



### विद्यार्थियों ने कक्षा 10 वीं में किया शानदार प्रदर्शन

**सौंसर।** नगर के मोहगाव मार्ग पर संचालित मोमेंटम कोचिंग संस्थान सौसर के प्रथम वर्ष में विद्यार्थीयो ने एमपी बोर्ड एवं सीबीएसई बोर्ड में कक्षा 10 वीं की परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन किया है । मिली जानकारी के अनुसार मोमेंटम कोचिंग में एमपी बोर्ड की बैच में कशिश सोमकुवर (91.2%) , आदित्य भक्ते (83%) , प्रतिज्ञा टेंभे (82.20%), कृष्णा गोस्वामी ( 80.80%) , चैताली दहाके ( 80.60%) तृप्ति निकोसे ( 80.20%), संस्कृति जूननकर ( 75.60%) , तोशांक दुबे(75.20%) , डॉली राजुके (72.40%) , मनीष बोबडे ( 72.20%) , आयुष पांडे( 71.80%), अनुराग चंदनकर ( 70.80%) प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए है ।* *इसी के साथ कक्षा 10 वीं में सीबीएसई बोर्ड के बैच में मानसी गाडगे ( 86.4%) , त्रिशला श्रीवास्तव (84%) , संस्कृति कोरडे ( 81.8%) , युवनेश कोजावले ( 75.6%) , निशिका बुले ( 74%) , दीपिका बिसेन (72%) प्रतिशत अंक प्राप्त किए है । सभी विद्यार्थियो ने उत्तीर्ण होकर 100 प्रतिशत रिजल्ट दिया है बच्चो के इस रिजल्ट के लिए स्कूल एवं मोमेंटम सौसर दोनों का समावेश है,संस्था को बच्चो की इस उपलब्धि पर गर्व है,संस्था की ओर से सभी बच्चों का स्वागत सत्कार करते हुए उज्जवल भविष्य की मंगल कामनाएं की है।

### पूर्वांशी ठाकरे ने 10 वीं में 90 प्रतिशत लाकर परिजनों का बढ़ाया मान



**वारासिवनी।** जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम रामपायली निवासी पूर्वांशी ठाकरे ने मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आयोजित कक्षा 10 वीं की परीक्षा में 90 प्रतिशत अंक हासिल करने अपने स्कूल व परिवार का नाम रोशन किया हैं। विदित हो कि कुमारी पूर्वांशी के पिता गिरधारी लाल ठाकरे व माता तोमेश्वरी ठाकरे दोनों की कोरोना काल में स्वर्ग सिधार गए थे। जिसके बाद से वह अपने रिश्तेदारों के पास रहकर पढ़ाई कर रही हैं। बेहद प्रतिभाशाली पूर्वांशी ने सभी विषयों में विशेष योग्यता हासिल की हैं। उसकी इस सफलता पर स्कूल प्रबंधन के साथ ही उसके परिजनों में खुशी की लहर व्याप्त हैं और सभी ने उसके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उसे आशीर्वाद दिया हैं।

### विधायक पटेल और पूर्व विधायक ने बकोड़ी हाई स्कूल भवन का किया लोकार्पण

## बकोड़ी की जनता जो काम कहेगी, वहीं काम किया जायेगा: पटेल

### विद्यालय के 4 बच्चों द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लिखे पत्र से मिला भवन

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** जनपद पंचायत खैरलॉजी क्षेत्र के ग्राम पंचायत बकोड़ी में वारासिवनी-खैरलांजी क्षेत्र के विधायक विवेक विक्की पटेल और पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल की उपस्थिति में बकोड़ी हाई स्कूल भवन का लोकार्पण किया गया। इस नवीन भवन का निर्माण लगभग 1 करोड़ 47 लाख रूपये की लागत से किया गया हैं।



विधायक विवेक विक्की पटेल और पूर्व विधायक जायसवाल के पहुंचते ही स्कूल प्राचार्य और छात्र-छात्राओं द्वारा दोनों ही जनप्रतिनिधियों का जोरदार स्वागत किया गया। इसके बाद फीता काटकर भवन का लोकार्पण किया गया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य मधु शुक्ला, खैरलॉजी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गोकुल प्रसाद गौतम, अनिल पिपरेवार, राजकुमार चौधरी, अनिल गौतम, रविकांत नगपुरे, भाजपा मंडल अध्यक्ष मिलिंद नगपुरे, प्राचार्य अरविंद यादव, जनपद सदस्य अंजीलाल पगरवार, सरपंच दिनेश डोहरे, पूर्व सरपंच भरतलाल डोहरे, संतोष आड़े सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।

विधायक विवेक विक्की पटेल ने अपने सम्बोधन में कहा कि कई वर्षो से ग्रामीणों की जनता का सपना था कि बच्चों को पडऩे के लिए नया भवन बने और आज नया भवन बनकर तैयार हो गया हैं। भवन बनते समय मैं बार-बार भवन की जांच करने आता था कि भवन अच्छा बने और आज भवन बनकर तैयार हो गया हैं। हमारे क्षेत्र में शिक्षा का स्तर ऊंचा उठ रहा हैं। स्कूल की पहचान वहाँ पढ़ाने वाले शिक्षकों से होती हैं। विधायक बनने के बाद पिछले वर्ष हमने लगभग तीन सौ से अधिक छात्र-छात्राओं का सम्मान किया था। इस वर्ष भी पांच सौ से अधिक बच्चों को सम्मानित किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि विधायक बनने के बाद मेरे द्वारा शिक्षा और चिकित्सा को बेहतर बंनाने प्रयास किया जा रहा हैं। वहीं मेन रोड से स्कूल तक एप्रोच रोड बनाई जायेगी, ताकि बच्चों को बारिश के समय परेशान ना होना पड़े। सबसे अच्छा रिजल्ट इस वर्ष शासकीय स्कूलों का रहा हैं, स्कूल में बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ देश भक्ति और नैतिकता का पाठ भी पढ़ाया जाना चाहिए।

**विद्यालय के 4 बच्चों ने भवन के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लिखा था पत्र:** यहाँ उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात से प्रभावित होकर इस विद्यालय के 4 बच्चों ने प्रधानमंत्री जी को पत्र लिखा था। जिस पर दिल्ली से जवाब आने के साथ मुख्य सचिव भोपाल को भी समस्या का समाधान करने निर्देश दिये गये थे। जिसके बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यकाल में विद्यालय के भवन निर्माण के लिए 1 करोड़ 47 लाख रुपये की राशि अगस्त 23 में स्वीकृत हुई थी और विधानसभा चुनाव के बाद फरवरी 24 में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एक ही स्थान पर अनेंक भवनों व निर्माण कार्यो का भूमिपूजन के अवसर पर इस विद्यालय भवन के निर्माण कार्य का भी भूमिपूजन किया था। उल्लेखनीय हैं कि इस नवीन सर्वसुविधायुक्त विद्यालय भवन में बकोडी, पिपरिया, कन्हडग़ॉव आदि ग्रामों के विद्यार्थी अध्ययन करेगे।

## तीन माह से लापता युवती को मांझी सरकार सैनिको ने खोजकर किया पुलिस के हवाले

### फरवरी माह में लांजी थानांतर्गत ग्राम भक्कूटोला से हुई थी लापता



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** लांजी थानांतर्गत ग्राम भक्कूटोला निवासी रामलाल उईके की 18 वर्षीय पुत्री दिपीका उईके तीन माह पूर्व अचानक से गायब हो गई थी जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट परिजनों द्वारा लांजी थाने में कराई गई थी। वहीं इस संबंध में मांझी सेना के सैनिकों को भी युवती के गुम होने की सूचना दी थी। जिसके बाद पुलिस के साथ-साथ मांझी सैनिकों के द्वारा भी युवती की सरगर्मी से तलाश की गई परंतु वह नहीं मिली। जिसके बाद मांझी सेना के सैनिकों को युवती के तेलंगाना राज्य के वारंगल सिटी में मिली। जिसे 17 मई को मांझी सेना के सैनिकों द्वारा लांजी थाने में लाकर सौंपा गया। इस संबंध में जानकारी से अवगत कराते हुए मांझी सेना के सैनिकों ने बताया की युवती ने जानकारी में बताया की ग्राम भक्कूटोला निवासी अजय मरकाम द्वारा उसे बहला फुसला ले जाया गया था। जिसे तीन महीने की कड़ी मशक्कत के बाद मांझी सैनिकों ने ढूंढकर पुलिस के हवाले किया है। मांझी सेना के जिला उपाध्यक्ष एस.एस. मड़ावी ने बताया की मांझी अंतर्राष्ट्रीय समाजवाद आदिवासी किसान सैनिक का जिला कार्यालय बालाघाट के डोंगरिया में है। हर जिले में इसके प्रतिनिधि हैं। इससे जुड़े सैनिक खेती किसानी करते हैं। वहीं, कुछ मजदूरी करते हैं। यह सभी निःस्वार्थ भावना से संस्था से जुड़े हुए हैं। इसमें प्रतिनिधि, प्रेसिडेंट, सेकेट्री और चपरासी चार पद होते हैं। चार पद महिला को भी दिया जाता है। जिसका बिल्ला बैच उन लोगों को दिया जाता है। सैनिकों का कहना है कि वह आज भी मांझी के बताए रास्ते पर चल रहे हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य और आदिवासी समाज को एकजुट करना ही संगठन का उद्देश्य है। सभी वर्दीधारी आदिवासियों के हितों की रक्षा के लिए खड़े रहते हैं। यह सेना पिछड़े, आदिवासी वर्ग के लोगों को उनका अधिकार दिलाने के लिए बिना किसी हथियार के शांतिपूर्ण ढंग से काम कर रही है।

## उकवा प्रीमियर लीग नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट मे एफसीसी बनी विजेता

**हरिभूमि न्यूज उकवा।** सात दिवसीय प्रीमियर लीग 2025 नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन मॉयल स्टेडियम उकवा में दिनांक 10 मई 2025 से 16 मई 2025 तक किया गया, जिसमें क्षेत्र के नामी ऑनरो ने खिलाडियो को आई पी एल की तर्ज़ पर खरीदा और शानदार प्लाइंग इलेवन की टीम तैयार किए, जिसमे लीग मैच के बाद फाइनल में एफसीसी एवं रॉयल लॉ असेंबली एलेवन ने प्रवेश किया शानदार , 10-10 ओवरों के फाइनल मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए एफसीसी को केवल 80 रनो में रॉयल लॉ असेंबली इलेवन ने रोका और जवाब में बल्लेबाजी करते हुए , 10 ओवरो में 74 रन बनाए और एफसीसी ने 6 रनों से जीत के साथ विजेता एवं प्रथम इनाम , 31 हजार रु के साथ ट्राफी अपने नाम किया, वही रॉयल लॉ असेंबली उप विजेता रही जिसे 21 हजार रु एंव ट्राफी प्रदान की गई। टूर्नामेंट मे बेस्ट बैट्समैन - राम विलास पांडे, बेस्ट बॉलर - आयुष शिव, बेस्ट फील्डर - संतु यादव, मन ऑफ़ दी सीरीज का खीताब से राजेश रहाँगडाले द्वारा समानित किया। उप विजेता टीम को 21 हजार रु एवं ट्रॉफी मान. श्री तपन(राजा)चौधरी जी द्वारा प्रदान किया गया एवं विजेता टीम को ट्रॉफी मान. श्री अनिरुद्ध सिंह चंदेल द्वारा प्रदान



किया गया।टीमों में हिस्सेदारी रही सभी ऑनर-तपन(राजा)चौधरी,गौरव एडे,राजेश रहाँगडाले,डॉ. सौरभ उइके,अनवर खान,अनिरुद्ध सिंह चंदेल । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम बैहर माननीय श्री अर्पित गुप्ता थाना प्रभारी रूपझर श्री संजय इक्का चौकी प्रभारी उकवा श्री भोपाल सिंह परिहार सरपंच ग्राम पंचायत उपव सुश्री अनुसूइया छतरियां सुजीत गोकुल छतरिया रविराज बिसेन एवं सर्व समाज सेवक तपन राजा चौधरी सहयोग में मॉयल मैनेजर माननीय निकोंसे निषाद एवं मिले इलेक्ट्रिक विभाग समस्त क्षेत्रीय क्रिकेट खिलाड़ी एवं क्रिकेट प्रेमी शामिल रहे और आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### एफआईआर पर आदिवासी समाज ने जताई आपत्ति बोले पुलिस ने लिखी मनगढ़त रिपोर्ट

# मासूम से दुष्कर्म, तीन अपचारी किए गए निरूद्ध

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

तिरोड़ी थाना क्षेत्र के एक गांव में आदिवासी समुदाय की 06 वर्ष 09 माह की मासूम अबोध बच्ची के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है. इस पूरे घटनाक्रम के सामने आने के बाद प्रार्थी मां की शिकायत पर पुलिस ने 03 अपचारी बालक के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 74, 75 (2), लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 7, 8 और एससी-एसटी एक्ट की धारा 3 (1),(डब्ल्यू),(आई), 3 (2),(वीए) की कार्रवाई कर तीनों को निरुद्ध कर लिया है. पुलिस ने यह एफआईआर 16 मई को दर्ज की है. अब पीड़िता के परिवार और आदिवासी समुदाय के लोगों का कहना है कि पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज नहीं की. बल्कि एफआईआर में अपने मनमुताबिक मनगढ़त बातें लिख दी है. जिसके चलते शनिवार की दोपहर साढ़े 03 बजे पीड़िता का परिवार और आदिवासी समुदाय के लोग थाने पहुंचे. समाज के वरिष्टजनों ने एसडीओपी और थाना प्रभारी से चर्चा करते हुए एफआईआर में पीड़ति परिवार की पूरी बातों को शामिल नहीं किए जाने की बात कहीं. जिस पर पुलिस अधिकारियों ने आदिवासी समुदाय के लोगों से कहा कि अगर पुलिस ने कोई बात एफआईआर में नहीं लिखी है तो कोर्ट में पीड़ति जो बयान देगी वहीं वहीं मान्य होगा।



दरअसल, प्रार्थी का यह आरोप है कि पुलिस ने एफआईआर में केवल तीन ही आरोपियों का जिक्र किया है जबकि घटना में 04 आरोपी शामिल है. पुलिस ने घटना के बाद गांव में सरपंच की मौजूदगी में बैठक कर आरोपियों को समझाइश देने की बात लिखी है जबकि ऐसी कोई बैठक नहीं हुई. आदिवासी समुदाय के लोगों ने पुलिस अधीक्षक बालाघाट के नाम एक शिकायती पत्र बनाया है जिसमें उन्होंने घटना का संपूर्ण विवरण करते हुए पुलिस की एफआईआर पर सवाल उठाते हुए लापरवाही बरतने वाले पुलिस अधिकारी पर कार्रवाई करने की मांग की है. आदिवासी समुदाय के लोगों का कहना है कि अगर पीड़ति परिवार को न्याय नहीं मिला तो सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगें।

अबोध बच्ची की मां ने बताया कि उनकी बेटी ने 04 लोगों के नाम बताए थे. यहीं चार नाम उन्होंने पुलिस को भी बताए लेकिन एफआईआर में सिर्फ 03 ही नाम है. उन्होंने बताया कि जब वह अपनी बच्ची को लेकर थाने पहुंची तो बच्ची से पूछताछ के दौरान उसे कमरे से बाहर निकाल दिया गया था. हमने पुलिस का पक्ष जानने के लिए तिरोड़ी थाना प्रभारी और एसडीओपी से तिरोड़ी में ही संपर्क करने की कोशिश की लेकिन इन दोनों ही पुलिस अधिकारियों से मुलाकात नहीं हो पाई. इस पूरे मामले की जांच विवेचना महिला पुलिस अधिकारी कर रही है उनसे भी संपर्क नहीं हो पाया. आदिवासी समुदाय के पदाधिकारी देवराज पन्द्रे ने कहा कि आदिवासी समुदाय के साथ हमेशा अत्याचार देखने में आ रहा है. अगर एफआईआर में परिवर्तन कर प्रार्थी की शिकायत के आधार पर एफआईआर नहीं लिखी गई तो आंदोलन किया जाएगा।

# केवलारी में दोहरी हत्याः जन आक्रोश ज्वालामुखी बना!, प्रशासन ने टी आई को हटाया






**16 मई शुक्रवार की रात मे ग्राम परासपानी के बघेल समाज के दो युवको की धारदार हथियार से ठाकुर परिवार ने हत्या कर दिया, हत्या की खबर लगते ही शनिवार के सुबह सुबह भारी संख्या मे लोगों का हुजूम नगर मे लग गया । हत्यारो को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर हजारों की झुंठ मे लोगो ने अनेक जगहो, घर व प्रतिष्ठानों मे हमला किया कुछ जगह आग लगाकर आक्रोश ब्यक्त किया।**

**हरिभूमि न्यूज सिवनी। शरद दुबे राकेश आत्मपूज्य।** बस स्टैंड की शराब दुकान मे आग लगा दिया गया। जन आक्रोश की ज्बाला से अनभिज्ञ पुलिस प्रशासन को बहुत देर बाद समझ मे आयी व्यवस्था बिगड़ती देखते हुये कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व स्थानीय प्रशासन ने शांति व्यवस्था बनाये रखने पुलिस बल के साथ मोर्चा संभाला।

परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार केवलारी के समीपी गांव परासपानी निवासी अमन पिता चंद्र कुमार बघेल (22) रुपेश उर्फ रूपक बघेल पिता स्वर्गीय सुरेश बघेल (28) दोनों युवक शुक्रवार को खेरमाई मंदिर के पास खिरका मोहल्ला कमलसिंह ठाकुर के.घर के समीप किसी अनसुलझी गहरी बात को लेकर कहासुनी हत्यार चलने में बदल गयी । हत्यारो ने धारदार हथियार से दोनों युवकों की नृशंस हत्या कर दी। युवकों की हत्या के बाद क्षेत्र में जनआक्रोश का माहौल बन गया । वहीं परिजनों ने बताया कि कमल सिंह ठाकुर के पुत्र संकेत ठाकुर ने अन्य लोगों के साथ मिलकर अमन और रूपेश दोनों नवयुवको की जघन्य हत्या कर दी है, हत्या के बाद से ठाकुर परिवार फरार हो गया ।जन मांग पर प्रशासन ने ब्रजेश उइके टीआई को हटाकर उनके स्थान पर शिवशंकर रामटेकर रक्षित केंद्र के टी आई को पदस्थ कर दिया,प्रकरण क्रमांक 259 मे अरोपी कमलसिंह ठाकुर, संकेत ठाकुर, डाली ठाकुर, एवं श्रीमती गायत्री ठाकुर एवं एक अज्ञात के नाम प्रकरण दर्ज कर अधिकारीयो की देख रेख पर विवेचना की जा रही है।प्रशासन के आवश्वासन के बाद समाज के लोगों ने दोनों युवकों के शव को सुपुर्दनामा लेकर ग्राम परासपानी मे हजारों की उपस्तिथि मे अंतिम संस्कार किया गया।

**इनका कहना है**

प्रकरण क्रमांक 259 दर्ज कर धारा 103(1)191 (3)भारतीय न्याय संहिता के तहत आरोपीयों की खोज की जा रही है।जिन्है जल्द गिरफ्तार कर लिया जायेगा ।
**अशीष भराडे, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी केवलारी**

## हरियाली और संस्कृति का संगमः फग्गन सिंह कुलस्ते के जन्मोत्सव पर 'देश का जवान, सेना का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनादौन।



प्रकृति और संस्कृति के अनूठे संगम के साथ, भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री और लोकप्रिय सांसद, फग्गन सिंह कुलस्ते का जन्मोत्सव 18 मई 2025 को लखनादौन में धूमधाम से मनाया जाएगा। यह अवसर न केवल उनके प्रति सम्मान और स्नेह व्यक्त करने का है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और सांस्कृतिक विरासत को संजोने का भी एक महत्वपूर्ण मंच बनेगा।

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे नगर वन, लखनादौन में संस्था द्वारा आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम से होगी। 'देश का जवान, सेना का सम्मान' के नारे के साथ, श्री कुलस्ते पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी गहरी प्रतिबद्धता दर्शाते हुए वृक्षारोपण करेंगे। यह पहल न केवल हरियाली को बढ़ावा देगी, बल्कि सेना के जवानों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का भी एक सार्थक प्रयास होगा। शाम 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक, पप्पी लॉन गार्डन, कचहरी रोड, लखनादौन में जन्मोत्सव समारोह का मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस भव्य समारोह में प्रीतिभोज के साथ-साथ, संस्था की सांस्कृतिक इकाई द्वारा विश्व प्रसिद्ध लोक नृत्यों का मनमोहक प्रदर्शन किया जाएगा। आदिवासी नृत्य, अहीर नृत्य और बुंदेलखंडी नृत्य जैसी सांस्कृतिक धरोहरों को प्रस्तुत किया जाएगा, जो दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देंगे। आयोजन समिति, लखनादौन ने सभी बूथ अध्यक्षों से अपने-अपने बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को सूचित करने और उनकी गरिमामय उपस्थिति सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। यह जन्मोत्सव समारोह न केवल श्री कुलस्ते के जीवन का उत्सव है, बल्कि पर्यावरण के प्रति जागरूकता और सांस्कृतिक समृद्धि का भी प्रतीक है। आयोजन समिति ने सभी शुभचिंतकों और समर्थकों से इस महत्वपूर्ण अवसर पर उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने का विनम्र अनुरोध किया है।

## सिवनी में किया गया तालाब के घाट की साफ-सफाई का कार्य



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन जी के निर्देशानुसार सिवनी जिले में 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले भर में जल संरक्षण से संबंधित अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। अभियान के तहत आमजन को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए दीवार लेखन, जागरूकता रैली, पोस्टर बैनर, रंगोली, चौपाल कलश यात्राएं, शपथ सहित अनेकों गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन से संबंधित खेत, तालाब, अमृत सरोवर,तालाब जीर्णोद्धार, जनभागीदारी के कार्य, कूप एवं बाउंड्री मरम्मत के कार्य किए जा रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान का प्रमुख उद्देश्य जनभागीदारी से जल संरक्षण तथा संवर्धन सुनिश्चित करना है। इस अभियान के अन्तर्गत समाज की भागीदारी तथा और विभिन्न सहयोगी विभागो की समेकित पहल से मुख्यत जल संरक्षण संरचनाओं के निर्माण, भूजल संवर्धन, पूर्व से मौजूद जल संग्रहण संरचनाओं की साफ सफाई एवं जीर्णोद्धार करना है। इसके साथ ही जल स्त्रोत में प्रदूषण कम करना, साफ सफाई करना, पौधरोपण के कार्य किए जा रहे हैं। इसके साथ ही जल संरक्षण एवं जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

## डूण्डासिवनी पुलिस ने बिना परमिट के परिवहन करते वाहन को किया जप्त

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जीडी शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक सिवनी सुश्री पूजा पांडे के मार्गदर्शन में पुलिस मुख्यालय भोपाल व्दारा स्कूल बस एवं लोक परिवहन वाहनो रे विरूद्ध कार्यवाही चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत डूंडासिवनी पुलिस द्वारा बिना परमिट, रजिस्ट्रेशन, शराब के नशे में परिवहन पर रोकथाम लगाने हेतु सतत निर्देश दिये गये है इसी तारतम्य में थाना डूण्डासिवनी पुलिस द्वारा दिनांक 15/05/2025 को दो मोटर सायकिल एवं एक बस पर कार्यवाही की गई ।

थाना डूंडासिवनी में दिनांक 15/05/2025 को निरीक्षक सतीश तिवारी थाना प्रभारी महोदय व्दारा हमराह स्टाफ के रात्रि गश्तके प्रआर. 90 सुंदर श्याम, चालक आर. 527 चंद्रदीप हिवारे के दौरान वाहन



चैकिंग किया गया जो चुनाभट्टी चौक में सत्यम बस क्रमांक **MP-22-P-**0375 को आवाज देकर रुकवाया परंतु नही रुका आगे जाकर रुकवाया जिसमें काफी सावारिया भरी हुई थी चालक राहुल पिता रामकुमार झारिया उम्र 25 वर्ष निवासी खुर्सीपार थाना लखनादौन जिला सिवनी से पूछने पर बताया कि बारात है उक्त बारात के संबंध में दस्तावेज पूछने पर कोई दस्तावेज नहीं होना बताया साथ ही अन्य दस्तावेज वाहन में नही होना बताया जो वाहन बस का परमिट नही होने पर मोटर व्हील एक्ट की धारा 66/192 (क) एवं बींझावाडा रोड तरफ पल्सर मोटर सायकल क्र. **MP22MF**2834 का चालक शिवानंद उइके पिता छिदामीलाल उइके उम्र 34 वर्ष निवासी राजपूत कालोनी शराब के नशे में वाहन चलाते प्रतीत हुआ जिसका मेडीकल परीक्षण जिला अस्पताल सिवनी से कराया चिकित्सक व्दारा शराब के नशे मे होना लेख करने से उक्त कृत्य धारा 185 मो. व्ही.एक्ट के तहत कार्यवाही की गई एवं मोटर सायकल क्र. **MP20MG**6656 को चैक किया जो वाहन का रजिस्ट्रेशन समाप्त होना पाया गया वाहन के कागजात मौके पर वाहन चालक निरंजन पिता ज्ञानी राम पारधी उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम दोंदीवाडा थाना अरी जिला सिवनी के व्दारा नही दिखाया गया जो अनावेदक का कृत्य धारा 39/192,146/196 मोयटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही कर इस्तगासा न्यायालय प्रस्तुत किये गये।

## सर्व समाज की अगुवाई में निकाली गयी विशाल तिरंगा यात्रा, देश भक्ति के नारों से गूंजायमान हुई सिवनी की गलियाँ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



भारतीय सेना की वीरता और ऑपरेशन सिंदूर की अभूतपूर्व सफलता के सम्मान में *राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिक* कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को नगर में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गयी । सायं 4:00 बजे कन्या महाविद्यालय में सभी वर्ग के लोग एकत्रित हुये । कन्या महाविद्यालय परिसर में स्थित स्मारक स्थल पर भारत माता एवं वीर सपूतों को माल्यार्पण किया गया । तिरंगा यात्रा में विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि एवं सामाजिक संगठनों के प्रमुखों एवं नगर के गणमान्य जनों की उपस्थिती रही तिरंगा यात्रा कन्या महाविद्यालय से प्रारंभ होकर, नगर पालिका चौक से होते हुये छिंदवाड़ा चौक, मठ मंदिर रोड से होते हुये ढीमरी मुहल्ला, दुर्गाचौक से गिरजाकुंड होते हुये शुक्रवारी पहुँची जहां यात्रा का समापन किया गया । यात्रा में तिरंगा ध्वज हर व्यक्ति के हाथ में थे एवं लंबा तिरंगा बनाया गया था जिसे मातृशक्ति ने संभाला था, यात्रा के दौरान राष्ट्रभक्ति के नारे एवं आतंकवाद तथा पाकिस्तान विरोधी नारे लगते रहे । तिरंगा यात्रा में, सिवनी के पूर्व सैनिक , सामाजिक संगठनों, खेल संगठन, शैक्षणिक संस्थानों, महिला संगठनों,अनेक राजनैतिक दलों के लोग, पेंशनर संगठनों, धार्मिक संगठनों के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुये । यात्रा के समापन पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन, ब्रह्मकुमारी संस्थान गीता दीदी सहित अन्य संगठनों ने राष्ट्रप्रेम के इस कार्यक्रम में उत्साह के साथ शामिल होने वाले सभी आमजनों, मातृशक्ति एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया गया और कहाँ कि हम सभी ने इस यात्रा के माध्यम से व्यापक संदेश दिया है कि हम सभी सेना के साथ है ।

## वूशु खिलाड़ियों की राष्ट्रीय स्पर्धा हेतु चयन स्पर्धा देवास में



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले की वुशु की राष्टीय प्रशिक्षक रागिनी कुंभारे द्वारा जानकारी दी गई है कि दिनांक 8/12/24 को भारतीय वूशु संघ के द्वारा मध्य प्रदेश वूशु संघ की मान्यता समाप्त करते हुए तदर्थ समिति एडहॉक कमीटी का गठन किया गया था । आज भारतीय वूशु संघ के द्वारा जारी पत्रानुसार वुशू एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा गठित एडहॉक कमेटी मध्य प्रदेश के सभी सब जूनियर वुशू एथलीटों को सब-जूनियर श्रेणी के तहत वुशू ट्रायल में भाग लेने के लिए आमंत्रित कर रही है। ट्रायल 20 और 21 मई 2025 को सुनिश्चित किया गया है । समस्त वूशु खिलाड़ीयों को दिनांक 20/05/25 की सुबह 10:00 बजे तक तुको जी राव पवार स्टेडियम, भोपाल रोड, देवास (म.प्र.) में पहुंचना अनिवार्य हैं। मात्र इसी चयन स्पर्धा के चयनित खिलाड़ी 25 वीं सब-जूनियर राष्ट्रीय वुशू चैंपियनशिप तमिलनाडु हेतु (लड़के और लड़कियां) भाग लेने मध्य प्रदेश वूशु दल से पात्र होंगे, सब जूनियर राष्ट्रीय वूशु स्पर्धा जो कि 26 से 31 मई, 2025 तक तमिलनाडु के नमक्कल जिले में आयोजित की जाएगी। सिवनी जिले के वुशु खिलाड़ी ट्राइल में सम्लित होना चाहता है वो डी पी रोल मॉडल स्कूल में शाम 5 बजे से 6 बजे तक संपर्क कर आपने पंजीयन करवा सकते है जहाँ पर वुशु खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## स्वागत द्वार निर्माण में अनियमित्ता का मामला आया सामने

### नगर परिषद छपारा की सीमाओं पर लगाए गए स्वागत द्वार

**छपाराः** नगर परिषद छपारा में पूरे निर्माण कार्यों में लोक निर्माण विभाग की लापरवाही आए दिन सामने आ रही है. चाहे वह नाली निर्माण का मामला हो या नगर में होने वाले निर्माण कार्यों का जिसमें भारी अनियमिताएं और गड़बड़ियों की जा रही हैं. लेकिन इसके बाद भी लोक निर्माण विभाग के जिम्मेदार उप यंत्री ध्यान नहीं दे रहे हैं. ताजा मामला नगर परिषद के द्वारा छपारा नगर के उन वार्डों में जहां नगर परिषद की सीमा समाप्त और शुरू होती है वहां स्वागत द्वार लगाए गए हैं .लगभग यह स्वागत द्वारा 15 लाख रुपए की लागत से बनाए गए हैं. जिसे इंदौर के ठेकेदार को इसका



काम ठेके पर दिया गया था. जिसमें ठेकेदार के द्वारा भारी अनियमिताएं कर स्वागत द्वार लगाकर चला गया है. जिसमें वाटर लेवल से नहीं लगाए गए हैं तिरछे अलग ही नजर आ रहे हैं. तकनीकी मापदंड का जरा भी ध्यान नहीं रखा गया है. वार्ड क्रमांक 11 की सीमा लगा स्वागत द्वार तिरछा हो गया है जिससे कोई भी हादसा हो सकता है इतना ही नहीं उसमें जो बोल्ट लगाए गए हैं. और जहां उसकी कसा गया है वह भी अलग ही समझ में आ रहा है जो द्वारा कभी भी वहां से गुजरने वालों पर गिर सकता है लेकिन इसके बाद भी जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं जबकि इस मामले को लेकर छपरा नगर परिषद के उपाध्यक्ष ठाकुर शिवाकांत सिंह के द्वारा पत्र लिखकर 5 मई को अवगत भी कराया गया है लेकिन अब तक इस पर संज्ञान नहीं लिया गया है.. वही छपारा नगर परिषद क्षेत्र में पूरे निर्माण कार्यों की गड़बड़ी में नगर परिषद अध्यक्ष निशा पटेल की भी मौन स्वीकृति पर कई सवाल उठ रहे हैं नगर परिषद छपरा में चल रहे निर्माण कार्यों में गड़बड़ी के मामले में छुपी साधकर बैठना यह झलकता है कि निर्माण करने वाले ठेकेदारों पर उनके द्वारा मेहरबानी की जा रही है अब तक उन्होंने कोई भी निर्माण कार्य में गड़बड़ी के मामले में आपत्ति दर्ज नहीं कराई है।

## पुलिस के हाथ लगी बड़ी सफलताः10 सदस्यीय गल्ला चोर गिरोह का पर्दाफाश

**केवलारी-** बीते दिनो बेयरहाउसो से ताला तोड़कर गल्ला खादय चोरी की घटना घटित हो रही थी। जिसकी शिकायत दर्ज होने के बाद सुनील मेहता पुलिस अधीक्षक जी डी शर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने अशीष भराडे अनुविभागीय अधिकारी पुलिस को चोर गिरोह को पकड़ने के लिये मार्गदर्शन दिया था, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी ने ब्रजेश सिंह उइके थाना प्रभारी के नेतृत्व में गठित की टीम ने 10 सदस्यीय सामुहिक गल्ला खादय चोर गिरोह को पकड़ने मे सफलता हासिल की है।पुलिस थाना केवलारी मे प्रेस ब्रीफिंग कर जानकारी देते हुए बताया कि केवलारी थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम डोकररांजी मे स्थित सीताराम वेयरहाउस एवं धानागड़ा में स्थित सागर वेयरहाउस से चोरों की गेंग द्वारा 148 कट्टी मक्का 220 कट्टी गेहूं वेयरहाउस के शटर का ताला तोड़कर चोरी की थी ,थाना केवलारी में अपराध क्रमांक 190/ 25 धारा 331 (4)305 ए भारतीय न्याय संहिता पंजीबद्ध किया गया था।

इसी तरह थाना धूमा मकरझीर स्थित वेयरहाउस से मसूर चना एवं राई की कट्टियो की चोरी की गई थी जिस पर थाना धुमा में अपराध क्रमांक 145/25 पंजीकृत किया गया था, थाना छपारा के अग्रवाल गोदाम से ताला तोड़कर आरोपी द्वारा मक्का वीज की बोरी की चोरी की गई थी जिस पर थाना छपारा में अपराध क्रमांक 199/25 पंजीबद्ध किया गया था , थाना धनोरा साज पानी वेयरहाउस में रखी डीएपी और यूरिया खाद की बोरी वेयर हाउस का ताला तोडकर चोरी की थाना धनोरा में अपराध क्रमांक 65/25 पंजीबद्ध किया गया था ।

थाना क्षेत्रांतर्गत में की गई चोरी पर तुरंत कार्रवाई करते हुए सीसीटीवी फुटेज व तकनीकी साक्ष्य के आधार पर पुलिस ने संदिग्धों को पकड़कर पुछताक्ष करने पर चोरो ने गिरोह बनाकर गोदामो का ताला तोड़कर चोरी करने का अपराध स्वीकार किया । तथा चोरी का माल को खापा बाजार के गल्ला व्यापारी हरिओम साहू को चोरी का माल बेचना बताया था । व्यापारी को आरोपी बनाया जाकर उसके कब्जे से चोरी का गल्ला बरामद किया गया। पुलिस अनुविभागीय अधिकारी व ब्रजेश उइके थाना प्रभारी ने बताया कि 19 लाख रुपया कीमत का खाद्यान्न बरामद हुआ है, जिसमें आरोपी सतीश झीनो पिता छोटे लाल यादव उम्र 25 साल निवासी झलाबानी मॉल धनोरा , सेलू शैलेंद्र पिता अमन सिंह मर्सकोले उम्र 19 साल निवासी ग्राम साजपानी थाना धनोरा, मयंक पिता मुकेश राज सिंह मर्सकोले उम्र 21 साल निवासी साजपानी धनोरा, आयान पिता सफीक खान उम्र21 साल गुदना धनोरा, बंटी उर्फ अनिल पिता हीरालाल भलावी 25 साल निवासी खिरखिरी थाना धनोरा, संजू और संजय पिता सिंदरसिंह मर्सकोले 19 साल निवासी साजपानी धनोरा, देवेंद्र कबीर पिता भारत सिंह मर्सकोले 21 साल निवासी घोघरी माल थाना धनोरा, भानु प्रताप सिंह पिता डोमन सिंह मैस्कॉट एवं 23 साल निवासी ग्राम सचिव धनोरा बंटी और भूपेंद्र पिता वेतन सिंह मर्सकोले उम्र 23 साल साजपानी धनोरा, बंटी भुपेंद्र पिता वेतन सिंह 23 साल साजपानी धनोरा, हरिओम पिता गोपाल साहू उम्र 21 साल निवासी खापाबाजार चोकी पलारी को गिरफ्तार कर न्यायलय मे प्रस्तुत किया गया जहां से जेल भेज दिया गया ।आरोपीयों से 5 पिक अप वाहन **MP20GB**3909, **MP22ZF**1909, **MP-20ZD**1198, **MP34 G**1039,एवं एक बिना नंबर की एक बोलेरो **MP- 20TA**1279,गैंहू 220 कट्टी, मका 148 कट्टी, 97 कट्टी मक्का बीज 31 कट्टी चना, 58 कट्टी मसूर 40 कट्टी राई की जब्ती हुयी है।

## राष्ट्रीय डेंगू दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिला मलेरिया अधिकारी सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर शुक्रवार को जिला मलेरिया कार्यालय सिवनी के तत्वाधान में एक व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों को डेंगू जैसी घातक बीमारी के प्रति जागरूक करना एवं उसके लक्षणों, बचाव तथा नियंत्रण के तरीकों की जानकारी देना तथा सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में डॉ. पी. सूर्या, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. रामजी भलावी, मेडिकल कॉलेज सिवनी के डॉ. नुमान हुसैनी, मुख्य रूप से उपस्थित रहें। कार्यक्रम की शुरूआत ज्ञान गंगा पैरामेडिकल कॉलेज सिवनी के छात्र-छात्राओं एवं जिला मलेरिया कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा डेंगू नियंत्रण व रोकथाम की सामुहिक शपथ लेकर की गई।

रैली के माध्यम से जन-जन तक पहुंचा संदेश- शपथ ग्रहण के पश्चात जिला चिकित्सालय सिवनी से बाहुबली चौक तक एक भव्य रैली निकाली गई, जिसमें पैरामेडिकल छात्रों, स्वास्थ्य कर्मियों एवं अधिकारियों ने भाग लिया। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने हाथों में जागरूकता संदेश से भरे पोस्टर, बैनर व तख्तियाँ लेकर नारे लगाए जैसें-डेंगू भगाओं साफ'-सफाई अपनाओं, रूकते पानी से बचों, डेंगू को दूर करो, आदि पंपलेट वितरण व जनसंपर्क के माध्यम से दी गई जानकारी रैली के साथ-साथ आमलोगों को डेंगू से बचाव हेतु सूचना पर्चे (पंपलेट) भी वितरित किए गए। इन पर्चों में बताया गया, कि डेंगू मच्छर एडीज एजिप्टाई द्वारा फैलता है।जो दिन के समय काटता है।

### दावा आपत्ति प्राप्त करने हेतु आवश्यक सूचना

नगरीय क्षेत्र सिवनी में वार्ड क्रं. 1 से 24 तक में म.प्र. शासन नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग म.प्र. भोपाल के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 (बी.एल.सी. घटक) अंतर्गत प्राप्त आनलाईन आवेदनों के दस्तावेजो का मौके पर सत्यापन किये जाने के उपरांत पात्र हितग्राहियों की सूची अनुमोदन हेतु वरिष्ठ कार्यालय को प्रेषित किये जाने के पूर्व दावे आपत्ति प्राप्त किये जाना है। हितग्राहियों के विरूद्ध किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो दिनांक 16/05/2025 से 22/05/2025 को समय 6 बजे तक प्रमाणित साक्ष्य सहित दावें आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि उपरांत किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। दावा आपत्ति आमंत्रण किये जाने वाले हितग्राहियों की सूची नगर पालिका परिषद सिवनी के नोटिस बोर्ड पर चस्पा।

## सेंशन ट्रायल का किया गया प्रस्तुतिकरण
# शासकीय विधि महाविद्यालय में मूटकोर्ट का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** लूटपाट एवं हत्या जैसे गंभीर मामले में कोर्ट में सुनवाई हुई अभियोजन एवं बचाव पक्ष की दलीले सुनने के बाद न्यायालय ने अभियुक्त को साक्ष्य के अभाव एवं अन्यत्र उपस्थिति के सिद्धांत के आधार पर अभियुक्त को हत्या के अपराध से दोष मुक्त किया। फैसला सुनते ही कटघरे में खडे अभियुक्त खुशी से झूम उठे। दरअसल शासकीय विधि महाविद्यालय सिवनी में दिनॉक-17/05/2025 दिन शनिवार को मूट कोर्ट का आयोजन प्राचार्य डॉ. राकेश चौरासे के मार्गदर्शन में किया गया। एल एलण्बीण अंतिम वर्ष के विद्यार्थियो द्वारा प्रकरण किशोर विरूद्ध म.प्र.शासन के मामले को मूटकोर्ट में मंचन किया गया। उक्त प्रकरण में विचारणीय न्यायालय द्वारा अभियुक्त किशोर को भारतीय न्याय संहिता की धारा 103, 309 (6) 311 के अंतर्गत अपराध का विचारण किया। विधि के विद्यार्थियों ने सेंशन ट्रायल का प्रस्तुतिकरण किया न्यायाधीश की भूमिका में महेन्द्र अहिरवार एवं रूपाली विश्वकर्मा सरकारी अधिवक्ता में संदीप कुमार रजक, दीपक बकोडे, उत्कर्ष साहू बचाव पक्ष की भूमिका में कैलाश डहेरिया, द्रौपती सनोडिया, काजल विश्वकर्मा, कोर्ट अधिकारी में नेहा शेन्डे, शपथ अधिकारी श्रद्धा तिवारी पुलिस अधिकारी सौरभ बधेल, डॉक्टर की भूमिका सारथी पटले, अभियोजन साक्षी की भूमिका में यश उपाध्याय, पियूष शर्मा, अमित महाजन, वंदना अहिरवार, सुनंदा इनवाती, बचाव साक्षी के रूप में प्राची भलावी किरदार निभाया। कार्यक्रम का शुभांरभ दीप प्रज्वलन



से हुआ मुख्य अतिथि माननीय प्रथम वर्ग न्यायिक मजिस्टेट विक्रम डाबर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव रवि नायक, जिला विधिक सहायता अधिकारी सिद्धार्थ शुक्ला जिला लोक अभियोजक नेतराम चौरसिया, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रविशंकर नाग एवं विधि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार चौरासे ने किया। न्यायाधीश श्री विक्रम डाबर ने लॉ छात्रों को मार्गदर्शन देते हुए विधि के क्षेत्र में उद्धेश्य निर्धारित कर अपने कैरियर को आगे बढाने की बात कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे न्यायाधीश एवं विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्री रवि नायक ने कहा कि विधि व्यवसाय करने में आपको गहन अध्ययन करने की आवश्यकता है। हर अधिवक्ता को यह न्यायालयीन प्रक्रिया ज्ञात होनी चाहिए कि साक्षी से कौन से प्रश्न किये जाए जो आपके प्रकरण में लाभकारी हो साथ ही कौन से प्रश्न पूछे जाए यह आवश्यक नहीं है आवश्यक यह है कि कौन से प्रश्न न पूछे जाए कई बार एक गलत प्रश्न पूछने से प्रकरण का स्वरूप बदल जाता है। जिला लोक अभियोजक नेतराम चौरसिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि छात्रों को अपने केस की ड्राप्टिंग एवं प्लीडिंग करना आना चाहिए। विद्यार्थी जीवन में विधि व्यवसाय करने के लिए शुरूआती कदम से ही हमें ड्राप्टिंग एवं प्लीडिंग की अच्छी जानकारी होनी चाहिए तभी हम अच्छे अधिवक्ता के रूप में समाज में अपना नाम रख सकते है। प्रधान मंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रविशंकर नाग ने कहा कि विधि के छात्र को जीवन में हमेशा अध्ययनशील रहना चाहिए। प्राचार्य डॉ. राकेश चौरासे ने कहा कि मूटकोर्ट का आयोजन करने का उद्धेश्य विधि छात्रों को न्यायालीन कार्यवाहियों में व्यवहारिक कुशलता का ज्ञान कराना है। न्यायालयीन कार्यवाही में शिष्टाचार बहस/जिरह आदि बातों को सिखाया जाता है। कार्यक्रम में प्रो. रामेश्वर प्रसाद शिववेदी, प्रो. सुरेन्द्र सिंह अलावा, श्रीमति अर्चना पाठक, शंकर शंभू सोनी, किशोर आत्मपूज्य, कमलेश ठाकुर, कपिल डागोरिया, विनोद डहेरिया, विजेन्द्र हेडाऊ आदि उपस्थित रहे।

# तिरंगे झंडे की जय के नारों से गूंजा शहर

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता में भारतीय सैनिकों के सम्मान में नगरवासियों ने निकाली तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।





भारतीय सैनिकों के सम्मान में शनिवार शाम को शहरवासियों द्वारा सैनिक सम्मान यात्रा निकाली गई। ज्ञात हो कि भारतीय सेना ने गत दिनों ऑपरेशन सिंदूर चलाकर देश का सम्मान बढ़ाया। सैनिक सम्मान यात्रा के प्रारम्भ में पुलिस बैंड द्वारा राष्ट्रगान की धुन की संगीतमय प्रस्तुति ने राष्ट्रप्रेम से नगर वासी झूम उठे। राष्ट्रगान का सम्मान करते हुए यात्रा प्रारम्भ होने से पहले सभी ने गीत गाया। यात्रा की अगुवाई सांसद श्रीमती भारती पारधी ने करते हुए नगर के मुख्य स्थान काली पुतली से सम्मान यात्रा प्रारम्भ हुई। यात्रा में बड़ी संख्या में नागरिको के अलावा पूर्व सैनिक कल्याण संघ और व्यापारी वर्ग के साथ ही पुलिस कर्मी और जनप्रतिनिधि शामिल हुए। सम्मान यात्रा में हर एक नागरिक अपने हाथों में तिरंगा थामें हुए गौरवांवित महसूस किया। यहां बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुई और उन्होंने भी हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय , भारतीय जवानों के जय घोष के साथ यात्रा कालीपुतली और फिर नगर के मुख्य बाजार गुजरी से होते हुए हनुमान मंदिर चौक पहुँची। यात्रा में बैंड बाजो के अलावा ढोल ताशे लेकर शामिल हुए। यात्रा में एएसपी श्री विजय डावर सीएसपी वैशाली सिंह तहसीलदार भूपेंद्र अहिरवार सहित कई अधिकारी और नगर के गणमान्य नागरिकों के अलावा समाज के सभी वर्गों सहित संघो के प्रतिनिधि शामिल हुए। यात्रा ने नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती ठाकुर, पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन, पूर्व मंत्री व भाजपा अध्यक्ष रामकिशोर, कावरे भी शामिल हुए।

# नाबालिग लड़की के अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट कोतवाली पुलिस ने शनिवार को नाबालिग बालिका के साथ अपहरण और रेप मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि महाराष्ट्र के चंद्रपुर अंचलेश्वर चौक निवासी मोहम्मद परवेज (20) ने इंस्टाग्राम पर बालाघाट की नाबालिग से दोस्ती की। इसके बाद परवेज ने अपने एक नाबालिग दोस्त के साथ मिलकर बालिका का अपहरण कर लिया था।

पुलिस ने मुख्य आरोपी परवेज के साथ एक नाबालिग किशोर को भी गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। परवेज को जेल भेज दिया गया है। जानकारी के मुताबिक, परिजनों ने 11 मई को कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने साइबर सेल की मदद से पता लगाया कि आरोपी बालिका को नागपुर के एक किराए के कमरे में रखा है। पुलिस ने बालिका को नागपुर से बरामद किया। पूछताछ में पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने उसके साथ रेप किया है।

कोतवाली थाना प्रभारी विजय राजपूत ने बताया कि पुलिस टीम और साइबर सेल ने मिलकर आरोपियों के साथ ही नाबालिग किशोरी को बरामद किया है।

## विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर विशेष जांच शिविर आयोजित

**बालाघाट।** विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय सहित समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सिविल अस्पताल, मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक, अर्बन पीएचसी, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर और आयुष्मान आरोग्य मंदिर में एनसीडी कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष हेल्थ शिविर लगाए गए। इन शिविरों में जिले भर से करीब 2100 से अधिक मरीजों ने अपनी बीपी और शुगर की जांच करवाई और दवा का वितरण प्राप्त किया। इन शिविरों में मरीजों को उच्च रक्तचाप और शुगर से होने वाले विपरीत प्रभाव के बारे में जागरूक किया गया। मरीजों को बताया गया कि कैसे वे अपने जीवनशैली में बदलाव लाकर इन बीमारियों को नियंत्रित कर सकते हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मरीजों को उनके स्वास्थ्य के बारे में विस्तृत जानकारी दी और उन्हें नियमित जांच और उपचार के महत्व के बारे में बताया। विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के साथ-साथ 17 मई से 16 जून तक जिले भर में जागरूकता माह का आयोजन किया जाएगा।

# वार्ड 11 में नाली की समस्या से लोग परेशान



## घरों के पास जमा हो रहा गंदा पानी, नपाध्यक्ष बोलीं- पहले कच्ची नाली, फिर पक्की बनेगी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के वार्ड क्रमांक 11 में नाली निर्माण की समस्या से लोग परेशान हैं। बीती रात हुई बारिश के बाद ऊपरी क्षेत्र का गंदा पानी निचले इलाके में जमा हो गया है। पक्की नाली नहीं होने से विजय सेन समेत आसपास के निवासियों के घरों के पास गंदा पानी भर गया है।

रहवासियों को गंदे पानी के कारण संक्रमण और बीमारियों का खतरा बना हुआ है। विजय सेन ने बताया कि पिछले 10 साल से नाली निर्माण का आश्वासन मिल रहा है। लेकिन अब तक कोई काम नहीं हुआ है। नगरपालिका भी इस ओर ध्यान नहीं दे रही है।

नपाध्यक्ष भारती ठाकुर ने इस समस्या को लेकर वार्ड पार्षद और नगरपालिका के इंजीनियर के साथ निरीक्षण किया। उन्होंने तत्काल राहत के लिए कच्ची नाली बनाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही आश्वासन दिया है कि आगे वार्डवासियों के आवेदन पर पक्की नाली का निर्माण कराया जाएगा।

रहवासियों का कहना है कि अगर अभी समाधान नहीं हुआ तो आने वाली बरसात में स्थिति और खराब हो सकती है। वे चाहते थे कि बारिश से पहले नाली का निर्माण हो जाए, लेकिन फिलहाल उन्हें कच्ची नाली से ही काम चलाना होगा।

# बाघ के हमले से अब तक दो मौत

## कछार में वन विभाग की टीम कर रही दिन-रात गश्त, 5 ट्रेप कैमरे लगाए

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**बालाघाट के कटंगी परिक्षेत्र के वनग्राम कछार में बाघ के आतंक से लोग दहशत में हैं। 16 मई को जंगल में तेंदूपत्ता तोड़ने गए 33 वर्षीय अनिल भलावी पर बाघ ने हमला कर दिया। इस हमले में अनिल की मौत हो गई। घटना के बाद से गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। सरपंच उमेश पटले के अनुसार ग्रामीण डर के मारे घरों में दुबके हुए हैं। कटंगी परिक्षेत्र में पिछले पखवाड़े में बाघ के हमले से दो मौतें हो चुकी हैं।**



वन विभाग ने बाघ की पहचान और उसकी लोकेशन ट्रेस करने के लिए जंगल में 5 ट्रेप कैमरे लगाए हैं। उड़नदस्ता और गश्ती दल सर्च अभियान में लगे हैं। परिक्षेत्र अधिकारी बाबुलाल चढ्ढार ने बताया कि आगामी 5-6 दिनों तक रात में सघन गश्त की जाएगी। दिन में स्थानीय अमला गांव और आसपास के क्षेत्र में तैनात है। घटना के दिन अनिल कुछ ग्रामीणों के साथ तेंदूपत्ता तोड़ने गया था। बाघ ने झाड़ियों से निकलकर उस पर हमला किया और उसके कमर के नीचे के हिस्से को नोंच डाला। पुलिस और वन विभाग ने मौके पर ही पोस्टमार्टम कराया और शाम 8 बजे अंतिम संस्कार किया गया। परिक्षेत्र अधिकारी चढ्ढार ने बताया कि वन्यप्राणी के हमले से मृतक के परिजनों को मिलने वाली सहायता राशि की कार्रवाई पूरी हो गई है। एक-दो दिन में यह राशि परिजनों को दी जाएगी। फिलहाल ग्रामीणों को जंगल की ओर जाने से मना किया गया है। वनग्राम कछार में तकरीबन 32 परिवार रहते है, जिनके जीविकोपार्जन का साधन, वन पर ही निर्भर है। मुख्यालय से तकरीबन 80 किलोमीटर दूर, इस गांव तक पहुंचने के लिए कटंगी से आंबामाई के बाद दाहिने हाथ पर कच्चे रास्ते से गांव तक जाते है। जहां मूलभूत सुविधा में अब भी ग्रामीण नल-जल योजना के पानी से वंचित है। सरपंच उमेश पटले बताते है कि गांव में पत्थर होने से जलस्त्रोत नहीं मिल पा रहा है। हालांकि गांव में बिजली और सड़क की पूरी व्यवस्था है।

## ओम श्री अश्विनी बाबा आश्रम जामड़ी में निशुल्क जांच शिविर का आयोजन सफलतापूर्वक हुआ संपन्न



**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** मुख्यालय से पाच कि.मी.जामड़ी आश्रम में 16मई 2025 को निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया, इस शिविर में डॉक्टर जे.पी. सुनेरी वात एवं लकवा रोग विशेषज्ञ किरनापुर ,डॉ. श्रुति बिसेन एमबीबीएस डीजीओ, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ बालाघाट, डॉ. स्मिता आसोले बीएएमएस सीजीओ स्त्री रोग व जनरल फिजिशियन गोंदिया ने अपनी निशुल्क सेवा प्रदान की ।शिविर का आयोजन ट्रस्ट द्वारा लोगों की विभिन्न जांच हेतु कराया गया। जिसमें आसपास के गांव के सैकड़ो लोगों ने जांच कराई। और दवाई भी प्राप्त की। डॉक्टर सुनेरी जी ने भी अपनी ओर से आयुर्वेदिक एवं एलोपैथिक दवाई भी मुक्त में दी। मल्टी विटामिन सायरप प्रदान की गई। आश्रम में कमेटी सदस्य अश्विनी कुमार ₹बाबा₹ जामड़ी आश्रम नंदकिशोर पांचे अध्यक्ष, प्रशांत कोरे उपाध्यक्ष, जे एल ऐडे सचिव, माधवराव आसोले कोषाध्यक्ष, निलेश कुमार बारेवार सहसचिव, टिकेश्वर हरिनखेडे सदस्य, नरेंद्र आसोले सदस्य, हिम्मतलाल गड़वंशी सदस्य, रोशन लाल बाहे सदस्य, आशीष मराठे सदस्य, देवानंद मात्रे सदस्य, एवं समस्त ग्राम वासी का शिविर आयोजन का प्रयास पूर्णतः सफल रहा। भविष्य में इस प्रकार के आयोजन टस्ट के द्वारा होते रहेंगे। इसी प्रकार 17 मई2025 शनिवार को आश्रम अश्विनी बाबा के जन्मोत्सव का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। जिसमें दूर दराज से भक्तगण एवं राजनेता उपस्थित हुए।

## एफबीएनसी गाइडलाइन के प्रबंधन एवं उपचार से नवजात शिशु को मिला नया जीवन

# जन्मजात ह्रदय रोग सीएचडी से पीड़ित मासूम, अब है स्वस्थ व तंदुरुस्त

### *4 दिनों तक वेंटिलेटर, 7 दिनों तक ऑक्सीजन और 18 दिनों तक एसएनसीयू वार्ड में रहा भर्ती*

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिले के विकासखण्ड परसवाड़ा अंतर्गत ग्राम बघोली की निधि पीपल मोहने का नन्हा मासूम अब स्वस्थ व तंदुरुस्त है। बात 29 अप्रैल की है जब रात्रि करीब 9 बजे प्राइवेट नर्सिंग होम परसवाड़ा में सीजर द्वारा एक बालक का जन्म हुआ। सिविल सर्जन डॉ. नीलय जैन ने बताया कि बच्चे का समय से पहले जन्म हो जाने के कारण और बच्चे को सांस लेने में परेशानी होने की वजह से रात को ही जिला चिकित्सालय के एसएनसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया। भर्ती के दौरान बच्चे का वजन 2 किलो था। जिसके चलते बच्चे को भर्ती के उपरांत सी-पेप मशीन में रखा गया तथा एफबीएनसी गाइड लाइन के द्वारा प्रबंधन एवं उपचार किया गया। उपचार के दौरान पता चला कि बच्चे को सीएचडी जन्म जात ह्रदय रोग भी है। जिससे कि बच्चे में सांस की समस्या बढ़ने लगी। जिस कारण उसे वेंटिलेटर मशीन पर रखा गया। बच्चे की स्थिति गंभीर थी इसलिए उसे 4 दिनों तक वेंटिलेटर पर रखा गया। जिससे बच्चे की स्थिति में सुधार होने लगा और उसे नली से दुध दिया जाने लगा।

सिविल सर्जन डॉ. जैन ने बताया कि कम समय में होने के कारण बच्चे के फेफड़े परिपक्व नहीं थे। जिस कारण उसे इंजेक्शन केफिन लगाया गया। वेंटिलेटर से हटने के बाद बच्चा लगातार 7 दिनों तक ऑक्सीजन पर रहने के बाद धीरे धीरे बच्चे की स्थिति में सुधार होने लगा एवं वह कटोरी चम्मच से दुध पीने लगा एवं बच्चा पूर्णतः स्वस्थ होने पर बच्चे को मॉ का दुध एवं के.एम.सी. केयर दी गई। लगभग 18 दिन तक बच्चा एसएनसीयू में भर्ती रहा। बच्चा पूरी तरीके स्वस्थ होने के उपरांत 16 मई को बच्चे को डिस्चार्ज किया गया है। डिस्चार्ज के समय बच्चे का वजन 1700 ग्राम हो गया था। बच्चे की आरओपी स्क्रीनिगं भी कि गई। सभी चिकित्सक एवं नर्सिगं स्टाफ के सतत प्रयास से नवजात मासूम को नया जीवन प्राप्त हुआ। इसमे सिविल सर्जन डॉ. जैन, डॉ. सुधा जैन तथा समस्त नर्सिंग आफिसर एसएनसीयू स्टॉफ का विशेष योगदान रहा।



# प्रेम विवाह से नाराज पिता-पुत्र ने बेटी-दामाद से की मारपीट



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** प्रेम विवाह से नाराज चल रहे पिता-पुत्र ने बेटी-दामाद से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी है. मारपीट में बीच-बचाव करने गए रिश्तेदारी के एक युवक पर भी हमला कर दिया. जिससे उसे चोट आई है. यह पूरी घटना कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम भजियापार की है. जहां शुक्रवार की रात्रि यह पूरी वारदात हुई है. मिली जानकारी अनुसार भजियापार निवासी सूर्यपाल गज्जाम की पुत्री दीक्षा ने 17 अप्रैल 2024 को धोबी टोला निवासी अनिल परते से परिवार की इच्छा विरुद्ध प्रेम विवाह किया था. इस बात से दीक्षा के पिता और भाई नागेश नाराज चल रहे था. शुक्रवार को दीक्षा और अनिल भजियापार में शोभनलाल कुमरे के यहां विवाह समारोह में शामिल होने के लिए आए थे जहां रात्रि करीब साढ़े 10 बजे भोजन करने के बाद अनिल की बुआं जैवंता बाई भलावी के यहां विश्राम करने के लिए जा रहे थे. तभी दीक्षा के पिता और भाई सहित अन्य करीब आधा दर्जन लोगों ने दीक्षा और अनिल को घेर लिया और डंडे हाथ मुक्कों से मारपीट की. इस घटना में बीच-बचाव करने आए नवीन नाम के एक युवक को भी मामूली चोट आई. पीड़ितों ने रात्रि में ही डॉयल 100 को घटना की सूचना दी और थाना पहुंचकर लिखित सूचना दी. वहीं आज शनिवार की दोपहर ढाई बजे थाना पहुंचकर एफआईआर दर्ज करवाई है. पुलिस ने पीड़ति बेटी दामाद की शिकायत पर अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की है।

## ग्रामीणों की समस्याओं से हुए रूबरू : 17 विभागों ने नक्सल प्रभावित ग्राम कादला में लगाया शिविर

# शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की ग्रामीणों को दी जानकारियां



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** शनिवार को पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन के 17 विभागों के समन्वय से जनपद पंचायत लांजी की वनांचल अति संवेदनशील एवं नक्सल प्रभावित ग्राम पंचायत खांडाफरी के ग्राम कादला में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में ग्रामीणजनों को शासन द्वारा चलाई जा रही सभी विभागों की हितग्राही मूलक योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया। साथ ही जनहित कल्याण के लिए व्यक्तिगत लाभ दिलाने वाली सभी कार्यक्रमों के प्रचार प्रसार एवं ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण के बारे में भी बताया गया। इस शिविर में आईजी संजय कुमार सहित जिला प्रशासन और विभागों के अधिकारियों ने ग्रामीणों को योजनाएं और उनके पाने के लिए आवेदनो के सम्बंध में जानकारियां दी।

**इन विभागों का रहा समन्वयः** कार्यक्रम में राजस्व, पंचायत विभाग, आयुष्मान भारत, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण विभाग, सहकारिता, खाद्य विभाग, वन, जन जातीय विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, पुलिस विभाग, पशु पालन विभाग, आजीविका मिशन, मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, पीएम आवास, पेंशन, शिक्षा विभाग, कृषि विभान, स्कूल शिक्षा एवं अन्य सभी विभागों में चल रहे जनकल्याण कारी कार्यक्रमों को विस्तृत रूप से ग्रामीणों को अवगत कराया गया।

**विभागों के प्राप्त आवेदन काउंटर में हुए संकलितः** कार्यक्रम के दौरान समस्त विभाग के प्राप्त होने वाले आवेदन का काउंटर में संकलन किया गया। तत्पश्चात अन्य विभाग के लगे काउंटर पर आवेदन निराकरण के लिए भेजे गए। साथ ही तत्काल निराकरण वाले आवेदन को निराकृत किया गया एवं शेष आवेदन को संकलित कर निराकरण के लिए भेजे गए। साथ ही लाडली बहना योजना के प्रमाण पत्र हितग्राही को वितरण किए गए।

## युवक व परिजनों ने दहेज के लिए तोड़ दिया रिश्ता

# हाथों में मेंहदी लगाए युवती करती रही बारात का इंतजार

### पुलिस ने मॉ, बेटे व बहन के खिलाफ दहेज प्रताडऩा का मामला दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

दहेज के लालच शादी तोडऩे वाले गोंदिया निवासी रोकड़े परिवार के मॉ-बेटे व बहन के खिलाफ वारासिवनी पुलिस ने दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 की धारा 3, 4 व भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 3(5) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया हैं। मामला वारासिवनी पुलिस थाना अंतर्गत ग्राम मुरझड़ का हैं।

जानकारी अनुसार गोंदिया निवासी सौरभ रोकड़े का ग्राम मुरझड़ निवासी एक 22 वर्षीय युवती के साथ वैवाहिक संबंध तय हुआ था। गत 8 मई 25 को दोनों का विधि विधान के साथ सगाई समारोह भी सम्पन्न हुआ और 14 मई 25 को दोनों की शादी होने वाली थी। 22 वर्षीय युवती अपने हाथों में मेंहदी लगाए शादी की तैयारियॉ करते हुए सपनों में खोई हुई थी। लेकिन 10 मई को उसकी होने वाली सास के आए हुए एक फोन ने उसके सपनों को चकनाचूर कर दिया। 10 मई को सौरभ की मॉ इंदु बाई का युवती के मोबाईन नम्बर पर फोन आया और उन्होंने दहेज में 10 लाख रुपये नगद, एक लाख रुपये के जेवर और एक टू व्हीलर की मॉग कर दी। वहीं सौरभ की बहन जूही व सौरभ ने भी बिना दहेज के शादी करने से इंकार कर दिया। वर पक्ष की ओर से अचानक इतनी बड़ी दहेज की मॉग से वधू पक्ष सदमे में आ गया। इस संबंध में युवती ने जब घर मं चर्चा की, तो इतनी बड़ी राशि, जेवर व बाईक देने में घर वालों ने असमर्थता जाहिर कर दी। जब वधू पक्ष ने दहेज देने से इंकार कर दिया, तो वर पक्ष ने शादी तोडऩे की बात कह दी।

जिससे व्यथित होकर पीड़ित युवती ने 13 मई की रात्रि में पुलिस थाना वारासिवनी में आकर दहेज प्रताडऩा की रिपोर्ट दर्ज कराई। जिस पर पुलिस ने सौरभ पिता आनंद रोकड़े, इंदुबाई पति आनंद राव रोकड़े व जूही कैथवास गोंदिया निवासी के खिलाफ दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 की धारा 3, 4 व भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 3(5) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर जॉच में लिया हैं। फिलहाल इस पूरे में शादी के सपने संजोये हुए 22 वर्षीय युवती के सपने दहेज लोभी दानवों ने चकनाचूर कर दिए। आरोपी अभी पुलिस पकड़ से बाहर हैं।